नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# बिन बारिश नेपाल बहा



95 की मौत
133 भारतीयों समेत 403 लापता

## तिब्बत की तराई से आई बाढ़ ने मचाई तबाही

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**काठमांडू, 26 अगस्त. पड़ोसी देश नेपाल में बुधवार की सुबह रसुवा जिले की भोटेकोशी नदी में तिब्बत की तराई से आई अचानक बाढ़ ने तबाही मचा दी. कई जिलों के शहरी इलाकों समेत दर्जनों गांव और कस्बे जलप्रलय में बह गए. बाढ़ के वेग से हुए भुस्खलन में दर्जनों इमारते जमींदोज हो गईं. देश में हाई अलर्ट के साथ सेना और सशस्त्र बलों को रेस्क्यू में तैनात किया गया है. प्रधानमंत्री बालेन शाह के अनुसार बाढ़ के कारण 95 लोगों की मौत हो गई है. वहीं 403 पर्यटक लापता हैं, जिनमें 62 नेपाली और 341 विदेशी नागरिक हैं, जिनमें 133 भारतीय हैं.**




### तिब्बत के गोसाईकुंड में सुबह आया था भूकंप

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8.22 बजे गोसाईकुंड से करीब 47 किलोमीटर उत्तर में तिब्बती क्षेत्र में 4.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज हुआ. ये इलाका गाइरोंग काउंटी में था. इससे दो ग्लेशियर एवलांच ट्रिगर हुए. जब प्रेशर बढ़ा तो त्रिशुली और भोटेकोशी नदी में फ्लैश फ्लड आया. इससे सुबह 9 बजे के आसपास नेपाल के रसुवा जिले और तिमुरे, स्याफरुबेसी और आसपास के इलाकों में भारी तबाही मची. घर, पुल, सड़कें और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स तबाह हो गए. 2015 के भूकंप के बाद नेपाल में यह सबसे भयानक आपदा है, जिसमें क़रीब 9,000 लोगों की जान चली गई थी.

### नेपाल-चीन सीमा पर भूस्खलन के बाद एक्शन में जिनपिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तिब्बत में चीन-नेपाल सीमा क्षेत्र के गांवों में भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश और उन्हें बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है. भूस्खलन में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं. चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार, आपात स्थिति से निपटने के अभियान में मदद के लिए पीपुल्स आर्म्ड पुलिस के शिगात्से दस्ते के 145 अधिकारियों और जवानों को भूस्खलन प्रभावित सीमावर्ती इलाके में स्थित बंदरगाह भेजा गया है. चीन का तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र नेपाल के साथ करीब 1,400 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है.

### बिहार में हाई अलर्ट, भारत में एसएसबी की कई टीमें तैयार

बिहार में सीमावर्ती जिलों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है. नदियों के जल स्तर की निगरानी की जा रही है. सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) की कम से कम 11 टीमों को राहत और बचाव कार्य के लिए तैयार रखा गया है. सीमा पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है. भारत हर परिस्थिति से निपटने और नेपाल की मदद के लिए भी तैयार है.

### बालेन शाह ने बुलाई आपात बैठक, रेस्क्यू का दिया आदेश

द हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट है कि बाढ़ ने नुवाकोट में त्रिशूली बाजार के पास लगभग 60 घरों को बहा दिया और दो पुलों को भी नुकसान पहुंचाया है. हालात को देखते हुए, नेपाली प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने रसुवा, नुवाकोट, धाडिंग, गोरखा और चितवन सहित प्रभावित इलाकों के संघीय सांसदों के साथ बातचीत की है.

## घटिया काम किया तो होगा ऑडिट

### विकास कार्यों की शिकायत पर पीएम की अफसरों को फटकार

**नवभारत न्यूज**
**नई दिल्ली, 26 अगस्त. पब्लिक प्रोजेक्ट्स में क्वालिटी को लेकर आ रही समस्याओं की शिकायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच चुकी है, जिसके बाद पीएम मोदी ने एक खास मीटिंग में केंद्र और राज्यों के सचिवों से पूछा है कि क्या अब हमें फोर्थ पार्टी ऑडिट कराने की जरूरत है.**

पीएम मोदी ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में सीनियर



अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि ये सब (प्रोजेक्ट क्वालिटी से जुड़ी शिकायतें) स्वीकार नहीं किया जाएगा. सिस्टम इस तरह से काम नहीं करेगा.

### रेल, सड़क और बिजली के 6 प्रोजेक्ट की समीक्षा

प्रधानमंत्री ने बैठक में रेलवे, सड़क और बिजली सेक्टर के 6 इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की, जो 9 राज्यों में फैले हुए हैं. इनकी कुल लागत 30,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है. पीएम ने कहा कि प्रोजेक्ट्स को अलग-अलग हिस्सों, स्ट्रेच या पैकेज के तौर पर नहीं देखना या मॉनिटर करना चाहिए.

### क्वालिटी से कोई समझौता नहीं पीएम मोदी

बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा है कि काम की रफ्तार के साथ-साथ क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होना चाहिए. कार्यों में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाएं और हर स्तर पर क्वालिटी की जांच और निगरानी को मजबूत करें. सूत्रों के अनुसार बिजली सेक्टर से जुड़े एक प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए पीएम ने कहा कि सिर्फ बिजली का उत्पादन बढ़ाना काफी नहीं है. बिजली पहुंचाने की जरूरी क्षमता (ट्रांसमिशन कैपेसिटी) भी जरूरी है. ठीक वैसे ही जैसे नहर बनाए बिना बांध बनाना मनचाहा नतीजा नहीं देता.

## टीएमसी के 20 बागी सांसदों को झटका

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद टीएमसी के महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर दलबदल संबंधी याचिका पर लोकसभा सचिवालय ने सभी 20 सांसदों से जवाब मांगा है.

**4 स्पीकर ने भी मांगा 7 दिनों में जवाब**

अभिषेक बनर्जी ने 18 जून को लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष इस याचिका को दायर किया था. इस याचिका में सांसद के खिलाफ संविधान की दसवीं अनुसूची और सदस्यों की अयोग्यता से जुड़े लोकसभा नियमों 1985 के तहत कार्रवाई की मांग की गई है. सभी सांसदों से मिला जवाब लोकसभा अध्यक्ष के सामने विचार के लिए रखा जाएगा.

### कर्नाटक में फिर सियासी संकट

## मंत्री बी नागेंद्र ने मुख्यमंत्री शिवकुमार को सौंपा इस्तीफा

**नवभारत न्यूज**
**बेंगलूरू, 26 अगस्त. कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच कैबिनेट मंत्री बी. नागेंद्र ने पद छोड़ने को लेकर मुख्यमंत्री शिवकुमार को अपना इस्तीफा दिया है.**

इस घोटाले को लेकर मुख्य विपक्षी दल बीजेपी लगातार राज्य सरकार पर हमलावर है और मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही थी.



विपक्ष के बढ़ते दबाव और सियासी तनातनी के बीच नागेंद्र ने सरकार की छवि को नुकसान से बचाने के लिए यह कदम उठाया है.

### सीएम बोले इस्तीफे पर आलाकमान लेगा निर्णय

नागेंद्र ने कहा कि एसआईटी ने मुझे बरी कर दिया है. मैं कानूनी प्रक्रिया से गुजरूंगा, बेदाग साबित होऊंगा और फिर से कैबिनेट में शामिल हो जाऊंगा. इधर इस्तीफे को लेकर सीएम ने कहा कि इस आलाकमान निर्णय लेगा.

### एक नजर में

**रूस के गैस प्लांट में आग, 7 मरे**

**मास्को.** रूस के सुदूर पूर्वी अमूर क्षेत्र में एक गैस केमिकल कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगने से कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है. मरने वालों में 6 चीनी नागरिक शामिल हैं. हादसे के बाद 9 अन्य चीनी कर्मचारी अब भी लापता बताए जा रहे हैं. प्लांट में आग पर काबू पा लिया गया है.

**आईआईटी दिल्ली में छात्र की मौत पर बवाल**

**नई दिल्ली.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में 31 वर्षीय एमएससी छात्र की मौत के बाद कैंपस में विरोध प्रदर्शन और पुलिस जांच का सिलसिला जारी है. छात्र भौतिकी विभाग में रूस की पढ़ाई कर रहा था. 22 अगस्त को उसकी मौत के बाद छात्रों ने संस्थान पर सवाल उठाए हैं.

**महाराष्ट्र पेपर लीक मामले में छह गिरफ्तार**

**मुंबई.** मुंबई क्राइम ब्रांच ने फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में ड्रग इंस्पेक्टर के पद के लिए महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा का पेपर कथित तौर पर लीक होने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने कुल छह लोगों को गिरफ़्तार किया है, जिनमें एमपीएससी के तीन अधिकारी शामिल हैं.



## एसआईटी के हवाले फर्जी बीमा दावे

**सुको ने सभी राज्यों को गठन करने के दिए आदेश**

**नवभारत न्यूज**
**नई दिल्ली, 26 अगस्त. सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी बीमा दावों की जांच के लिए सभी राज्यों को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया है**

कोर्ट ने कहा कि फर्जी बीमा दावे दाखिल किए जा रहे हैं और उन्हें मंजूर भी किया जा रहा है. एक ही वाहन को कई दुर्घटनाओं में दिखाया जाता है. जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी जो प्रारंभ में दुर्घटना में शामिल एक गाड़ी की पहचान से जुड़ा था. पीठ ने कहा कि कार्यवाही के दौरान बहुत बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के संकेत मिले हैं और उसने देश भर में धोखाधड़ी वाले दावों की जांच करने के लिए मामले का दायरा बढ़ा दिया. बीमा कंपनियों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे धोखाधड़ी वाले सभी दावे एसआईटी को भेजें.

### बम की सूचना से बेंगलुरु उड़ान में मचा कोहराम

**बेंगलुरु.** लखनऊ से बेंगलुरु आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई231 को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया. फ्लाइट के बेंगलुरु एयरपोर्ट पर अंतिम अप्रोच के दौरान क्रू को विमान में बम होने की धमकी के बारे में जानकारी मिली. इसके बाद पायलट और क्रू ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत जरूरी कदम उठाए. फ्लाइट ने सुबह करीब 9:40 बजे बेंगलुरु एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की. विमान के सुरक्षित उतरने के तुरंत बाद संबंधित अधिकारियों को बम की धमकी के बारे में जानकारी दी गई.

## वीजा अपॉइंटमेंट पर ट्रंप ने लगाई रोक

### भारतीयों पर भी होगा बड़ा असर

**नवभारत न्यूज**
**वॉशिंगटन, 26 अगस्त. अमेरिका में ट्रंप प्रशासन इमिग्रेशन पर अपनी सख्त कार्रवाई के तहत कॉन्सुलर अधिकारियों के लिए एक ग्लोबल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू कर रहा है. इस बीच यूएस में दुनिया भर में वीजा अपॉइंटमेंट रोक दिए हैं.**

अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि विभाग ने दुनिया भर में सभी अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में एक ट्रेनिंग पहल शुरू की है.



प्रवक्ता ने कहा कि ट्रेनिंग के लिए वीजा अपॉइंटमेंट शेड्यूल में बदलाव किया जाएगा. विदेश विभाग ने ट्रेनिंग के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और न ही यह बताया कि ये बदलाव कितने समय तक रहेंगे.

### नहीं है तारीखों की सूचना

विभाग ने कहा कि इस प्रोग्राम का मकसद कॉन्सुलर अधिकारियों को उन आवेदकों की जांच करने में मदद करना है जो भविष्य में अमेरिकी सरकारी सुविधाओं पर निर्भर हो सकते हैं और यह सुनिश्चित करना है कि वीजा आवेदनों का मूल्यांकन व्यापक और एकसमान तरीके से हो. फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जिन लोगों ने यूएस दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में इमिग्रेंट वीजा इंटरव्यू के लिए अपॉइंटमेंट लिया था उन्हें ईमेल मिले हैं.

**विवाद** | नंदी हाल में प्रवेश को लेकर बिगड़ी स्थिति, 40 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

## महाकाल में कावड़ियों का हंगामा, 7 सुरक्षाकर्मी घायल

**नवभारत न्यूज**
**उज्जैन, 26 अगस्त. श्रावण मास के अंतिम दिन बुधवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में कांवड़ यात्रियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच विवाद के बाद जमकर हंगामा हो गया. घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग बैरिकेडिंग पार कर नंदी हॉल में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं.**

उन्हें रोक रहे सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की जा रही है. मंदिर के 7 सुरक्षा कर्मी घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत



गंभीर बताई जा रही है. कांवड़ यात्रियों का एक समूह ओंकारेश्वर से नर्मदा जल लेकर महाकाल मंदिर में जल चढ़ाने पहुंचा था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समूह में शामिल कुछ लोग बैरिकेडिंग पार कर नंदी हॉल में जाने का प्रयास कर रहे थे. मंदिर के सहायक प्रशासक और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया.

### पुलिस कर रही जांच

थाना महाकाल प्रभारी गगन बादल के अनुसार मंदिर समिति की शिकायत पर 40 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. मामले में सचिन मराठा नामक व्यक्ति को नामजद आरोपी बनाया गया है. पुलिस फुटेज और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है. मंदिर समिति ने घटना को गंभीर मानते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं से मंदिर की संपत्ति को नुकसान होता है.

